# अल्प सूचना प्रश्नोत्तर

## कम्यूटेशन वैलिडेटिंग एक्ट के सम्बन्ध में

१३. श्री जमुना प्रसाद सिंह: क्या माननीय मन्त्री राजस्व विभाग यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) Commutation Validaing Act विधायिका सभा की वर्त्तमान बैठक में सरकार ला रही है या नहीं। यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं तो क्यों नहीं

(ख) इस बिल की मांग है या नहीं,

(ग) क्या यह बात सही है कि गया जिले के करीब २० २५ हजार होल्डिंग नगदी की हुई मालगुजारी भावली कर दी गई है जिससे किसानों में बहुत असंतोष है,

(घ) क्या यह बात सही है कि गया जिले के किसानों में कैएक दफा ४० के फैसले टूट जाने से बड़ी घबड़ाहट है और वे जमींदारों से दफा ४० के जमें से ज्यादे जमा पर तसफिया कर रहे हैं ?

माननीय श्री कृष्ण बल्लभ सहाय:

(क) सरकार कोशिश कर रही है कि राफ (Commutation validating Bill) विधायिका सभा में लाया जाय।

(ख) इस बिल की आवश्यकता है

(ग) संख्या प्राप्त नहीं है लेकिन ऐसा अनुमान किया जाता है कि २०–२५ हजार नहीं है।

(घ) सरकार को इसका information नहीं है।

श्री जमुना प्रसाद सिंह: इस बैठक में यह बिल लाया जा रहा है या नहीं ?

माननीय श्री कृष्ण बल्लभ सहाय: यह मेम्बरों के सहयोग पर निर्भर करता है। अगर और काम जल्द से जल्द खतम हो जायगा तो यह बिल इसी Session में आ जायगा।